भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला Physical Research Laboratory
(अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार, की इकाई) (A Unit of Dept. of Space, Govt. of India)
निर्माण एवं अनुरक्षण समूह Construction and Maintenance Group
नवरंगपुरा, अहमदाबाद-380009 Navrangpura, Ahmedabad -380009
फोन नं.: (079)26314092/26314097 Tel. No: (079)26314092/26314097
फ़ैक्स नं.(079) 26314904 Fax No: (079) 26314904

## ई-निविदा आमंत्रित करने के लिए नोटिस
## Notice Inviting -Tender

**ई-निविदा सूचना सं.**: भौ.अनु.प्र./नि.अनु.समू./ई-निविदा 08/2022-23 दिनांक 25-08-2022
**E-Tender Notice No.**: PRL/CMG/e-Tender – 08/2022-23 dated 25-08-2022

**1.** पी.आर.एल. के निदेशक की ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन ई-निविदा के माध्यम से वस्तु-दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:
On Behalf of the Director PRL, online item-rate tenders are invited through e-tendering for the following work:

| **क्र. सं. /SI No.** | **वर्णन/Description** | **विवरण/ Details** |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम<br><br>Title of work | भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के मुख्य परिसर, अहमदाबाद में एफ.ए.सी.पी. पैनलों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग व मौजूदा पैनलों के साथ रिंग टोपोलॉजी में एकीकरण।<br>Supply, installation, testing and commissioning of FACP panels along with the integration of existing panels in ring topology at PRL Main Campus, Ahmedabad. |
| 2. | निविदा की लगभग अनुमानित लागत<br>Estimated cost put to tender | रु 23.45 लाख<br>₹ 23.45 Lakhs |
| 3. | कार्य आदेश जारी करने की तिथि से 15 दिन बाद से कार्य पूरा करने की अवधि महीनों में<br>Period of completion in months reckoned from the 15th day of date of issue of work order. | **दो माह**<br><br>**Two Months** |
| 4. | निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अवधि<br><br>Period during which the tender document can be downloaded | **06-09-2022** को 10:30 बजे से **14-09-2022** को 14:30 बजे तक<br>From **06-09-2022** at 10:30 hrs to **14-09-2022** at 14:30 hrs |
| 5 | बोली स्पष्टीकरण Bid clarification | **06-09-2022** को 11:00 बजे से **15-09-2022** को 14:30 बजे तक |

| | | |
|---|---|---|
| | | From **06-09-2022** at 11:00 hrs to **15-09-2022** at 14:30 hrs |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि और समय (केवल ऑनलाइन जमा)<br>Last date and time for receipt of tenders (Online submission only) | **16-09-2022** को 14:30 बजे तक<br><br>**16-09-2022** up to 14:30 hrs |
| 7. | निविदा खोलने की नियत तिथि और समय<br>Due date and time of opening of tenders | **19-09-2022** को 10:00 बजे<br><br>**19-09-2022** at 10:00 hrs |
| 8. | बयाना राशि जमा (ईएमडी)<br>Earnest Money Deposit (EMD) | **₹ 46,900 /-** |

## 2. निविदा दस्तावेज जारी करने के लिए पात्रता मानदंड -
**Eligibility Criteria for Issue of Tender Documents –**

निविदा दस्तावेज उन लोगों को जारी किए जाएंगे जो निम्नलिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं:

Tender documents will be issued only to those who satisfy the following eligibility criteria:

| **क्रमांक SI No.** | **पात्रता मानदंड/Eligibility Criteria** | **पात्रता हेतु लिखित प्रमाण (स्कैन और अपलोड किया जाना है)**<br>**Documentary proof for the eligibility (To be Scanned & uploaded)** |
|---|---|---|
| a. | पिछले 7 वर्षों के दौरान निम्न प्रकार के कार्यों को संतोषजनक रूप से पूरे किए होंने चाहिए<br>Should have satisfactorily completed the works as mentioned below **during the last Seven years ending previous day of last date of submission of bids**.<br>i. 40 % अनुमानित लागत के इसी प्रकार का 3 कार्य (**यानी रु.** 9.38 **लाख**)<br>Three similar works each costing not less than 40% of the estimated cost (**i.e. ₹** 9.38 **lakhs**)<br>**या/or**<br>ii. 60 % लागत के इसी प्रकार का 2 कार्य (**यानी रु.** 14.07 **लाख**)<br>Two similar works each costing not less than 60% of the estimated cost (**i.e. ₹** 14.07 **lakhs**)<br>**या/or** | i. कार्य अनुभव प्रमाणित करने के लिए संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी कार्य आदेशों की प्रमाणित प्रति और समापन प्रमाण पत्र।<br>Certified copy of work orders and completion certificates issued by the authority concerned to establish work experience.<br>ii. निजी पार्टियों द्वारा जारी किए गए कार्यों के लिए समापन प्रमाणपत्र टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित हो।<br>Completion certificates for works issued by Private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at Source) certificates. |

| | | |
|---|---|---|
| | iii. 80% लागत के इसी प्रकार का एक कार्य (**यानी रु.** 18.76 **लाख**)<br>One similar work costing not less than 80% of the estimated cost (**i.e. ₹** 18.76 **lakhs**) | |
| | **नोट Note:**<br>**i)** इसी तरह के कार्य से तात्पर्य "**ओएफसी/दोहराए गए पैनलों के साथ एफ.ए.सी.पी. की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग से है।**"<br>Similar work shall mean "**Design, supply, installation, testing & commissioning of FACP's with O.F.C./Repeated panels.**"<br>**ii)** पूरी होने की तिथि से लेकर बोली के लिए आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि तक गणना करके, 7% प्रतिवर्ष की सरल दर से कार्य के वास्तविक मूल्य को बढ़ाकर कार्यान्वित कार्यों के मूल्य को वर्तमान लागत के स्तर तक लाया जाए।<br>The value of executed works shall be brought to current costing level by enhancing the actual value of work at simple rate of 7% per annum, calculated from **the date of completion to last date of receipt of application for bids.**<br>**iii)** उप-अनुबंध या संयुक्त-उद्यम के रूप में निष्पादित कार्य पात्रता / मूल्यांकन के लिए योग्यता नहीं होगी।<br>Work executed as sub-contract or joint-venture will not merit for eligibility/ evaluation. | |
| b. | **<u>केवल वैद्यतिक कार्य हेतु/For Electrical Work Only</u>**<br>बोलीकर्ता के पास केंद्रीय अथवा राज्य विद्यत प्रधिकारी द्वारा जारी किया गया उपयुक्त कक्षा एवं श्रेणी का वैद्युत संविदाकार का विधिमान्य लाहसेंस होना चाहिए।<br>The bidder shall possess valid electrical contractor's license of appropriate class and category issued by Central or State Electricity Authority. | वैध विद्युत संविदाकार के लाइसेन्स की प्रमाणित प्रति।<br>Certified copy of Valid electrical Contractor's license. |

**3.** निविदा प्रक्रिया यू.आर.एल. पताwww.tenderwizard.com/ISROपर आनलाइन उपलब्ध है। इच्छुक निविदाकर्ता वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा कोदेखें।
The tendering process is online at URL address "www.tenderwizard.com/ISRO"Interested tenderers may go through the tender available in the website.

**4.** निविदाकर्ता स्वयं को उपरोक्त पोर्टल में डिजिटल सिग्नेचर की के साथ रजिस्टर करें। निविदाकर्ता द्वारा निविदा प्रक्रिया शुल्क का भुगतान किया जाएगा। ई-गेटवे के माध्यम से निविदा प्रोसेसिंग शुल्क मेसर्स ITI लिमिटेड को देय होगा। जिन्होंने पहले ही रजिस्ट्रेशन करा लिया हो, वे पोर्टल में लॉग-इन करके निविदा में भाग ले सकते हैं।
Tenderers are advised to register themselves in the above portal, with Digital signature key. Tenderer shall pay the Tender Processing Fee. Tender Processing Fee is payable to M/s. ITI Ltd. through E-gateway. Those who have already registered can participate in the tender by logging into the portal.

**5.** www.tenderwizard.com/ISRO से केवल निविदा दस्तावेज डाउनलोड कर लेने से ही निविदाकर्ता बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होगा। बाद में विभाग द्वारा निविदाकर्ताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों

की जांच की जाएगी। यदि उन्हें आवश्यकतानुरूप नहीं पाया गया तो प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। Downloading of tender documents from "www.tenderwizard.com/ISRO" alone will not make a tenderer eligible for participating in the bidding process. The documents uploaded by the tenderers will be subjected to verification subsequently by Department. If found not meeting the requirement, such offers will be rejected.

**6.** (a) निविदा के साथ उपरोक्त पैरा 1 में उल्लेखानुसार **भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद** को देय अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किए गए कॉल रसीद में जमा/सावधि जमा रसीद/**डिमांड ड्राफ्ट** के रूप में निर्दिष्ट मूल्य के बयाना राशि जमा हो) या (किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किए गए बैंक गारंटी के रूप में हो। उपरोक्त पैरा 1 में उल्लेखानुसार निविदा खोलने की निर्धारित तिथि और समय से लेकर 180 दिन तक वैध होगी। **यदि बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रस्तुत किया गया हो तो उसे निविदा खोलने पर तुरंत भुनाया जाएगा और असफल निविदाकर्ताओं के लिए ईएमडी की वापसी चैक या इलैक्ट्रोनिक माध्यम से पी.आर.एल. द्वारा किया जाएगा।** उसी की स्कैन की हुई प्रति ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करते समय अपलोड किया जाए।

(a) Tenders should be accompanied with Earnest Money Deposit for value specified in Para 1 above, in the form of Deposit at Call receipt/ Term Deposit Receipt/**Demand Draft** of any Scheduled Bank issued in favour of **PHYSICAL RESEARCH LABORATORY, Ahmedabad** (or) in the form of Bank Guarantee issued by Scheduled Bank. Earnest Money Deposit shall be valid for 180 days from the date of opening of tenders specified in Para 1 above. **In case EMD in the form of DD is furnished, the same will be encashed immediately on opening of tenders and refund of EMD for unsuccessful tenderers will be made through Cheque / electronically by the PRL.** The scanned copy of the same to be uploaded while submitting the tender online.

(b) निविदा लागत/ईएमडी में छूट का दावा करने वाले MSME यूनिटों को जिला उद्योग केंद्र/खादी एवं उद्योग बोर्ड/कॉयर बोर्ड/राष्ट्रीय लघु उद्योग आयोग/हस्तशिल्प और हैन्डलूम निदेशालय या MSME मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट किसी अन्य संस्था द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र अथवा MSME उद्योग आधार ज्ञापन प्रस्तुत करना होगा। **प्रमाणपत्र या ज्ञापन नियत तारीख या निविदा के लिए बढ़ाए गए तारीख को मान्य हो।**

The MSME units claiming exemption of Tender cost/EMD should submit the MSME Udyog Adhaar Memorandum or registration certificate issued by District Industries Centre (DIC) Khadi& Industries Board (KVIB)/Coir Board/National Small Industries Commission (NSIC)/Directorate of Handicrafts and Handlooms or any other body specified by Ministry of MSME. **The Memorandum/Certificate shall be valid as on due date/extended due date of the tender.**

7 (a)ईएमडी के मूल दस्तावेज **समूह प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह, पी.आर.एल., नवरंगपुरा- 380 009** के कार्यालय में उपरोक्त पैरा-1 में उल्लेखानुसार निविदाएं खोलने की नियत तिथि और समय तक प्रस्तुत कर दें। **निविदाएं खोलने की नियत तिथि और समय तक वैध ईएमडी प्राप्त नहीं होने पर निविदा-प्रस्ताव को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।**

The original instrument of EMD shall be submitted to the office of Group Head, Construction & Maintenance Group, PRL, Navrangpura-380009 on or before the due date and time of opening of tender as stipulated in Para 1 above. **If valid EMD not received on or before due date and time of opening of tender, the tender-offer shall be summarily rejected.**

(b) निविदा लागत/ईएमडी में छूट का दावा करने वाले MSME यूनिट उपरोक्त पैरा 6(b)में उल्लेखानुसार पंजीकरण प्रमाणपत्र अथवा MSME उद्योग आधार ज्ञापन की सत्यापित प्रिंट प्रति प्रस्तुत करें। उपरोक्त ज्ञापन/प्रमाणपत्र की प्रिंट प्रति निविदाएं खोलने की नियत तिथि और समय तक समूह प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह के कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। **यदि निविदाएं खोलने की नियत तिथि और समय तक प्रिंट प्रति प्राप्त नहीं हुई, तो निविदा-प्रस्ताव को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।**

The MSME units claiming exemption of tender cost/EMD should submit attested hard copy of MSME Udyog Adhaar Memorandum or registration certificate as indicated in para 6(b) above. The hard copy of above Memorandum/Certificate shall be submitted to the Office of the Group Head, Construction & Maintenance Group on or before due date and time of opening of tenders**. If hard copy is not received on or before due date and time of opening of tenders, the tender-offer shall be summarily rejected.**

8. बिड डॉक्यूमेंट्स टैब से मूल्य बोली डाउनलोड किया जाए, बोली शीट की निर्दिष्ट कॉलम में दर लिखे जाएं और उसे उपरोक्त पैरा 1 में उल्लेखानुसार नियत तारीख और समय से पहले अपलोड किया जाए।
The price bid shall be downloaded from the Bid documents tab, the rates are to be quoted in specified column of bid sheet and the same shall be uploaded before due date and time as mentioned in Para 1 above.

**9.** उपरोक्तानुसार केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से निविदा प्रस्तुत करनी होगी। प्रस्तुत करने के लिए कोई अन्य मोड स्वीकार्य नहीं होगा। अपलोड करते समय किसी भी डाउनलोड किए गए एक्सेल फाइल के नाम नहीं बदले जाएंगे।
The tender submission should be made only through online mode as described above. No other mode of submission is acceptable. File names of any downloaded excel files shall not be changed while uploading.

**10.** उपरोक्त पैरा 1 में उल्लेखानुसार, समूह प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह, पी.आर.एल., के कार्यालय में निर्धारित तिथि और समय पर निविदा खोली जाएगी। उपरोक्त पैरा-2 में उल्लेखानुसार केवल उन निविदाकर्ताओं का प्रस्ताव खोला जाएगा जिन्होंने वैध ईएमडी (मूल रूप में) और उपयुक्त दस्तावेज प्रमाण प्रस्तुत किए हों। निविदा खोलने की नियत तारीख और समय तक वैध ईएमडी प्राप्त नहीं होने पर, निविदा प्रस्ताव को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।
The tender will be opened at the Office of the Group Head, Construction and Maintenance Group, PRL on the stipulated date and time specified in Para 1 above. The offer of those tenderer who had furnished valid EMD (in original) and suitable documentary evidence as mentioned in Para 2 above, only will be opened. If valid EMD is not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer shall be summarily rejected.

**11.** तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली के खोले जाने पर, आगे की विस्तृत जांच/मूल्यांकन किया जाएगा। निविदकर्ता द्वारा प्रस्तुत तकनीकि एवं वरणिज्यिक दस्तावेज की विस्तार से जांच की जाएगी। किसी भी निविदा कोपात्रता मानदंड पूरा नहीं कर पाने पर इस स्तर पर रद्द कर दिया जाएगा और आगे की प्रक्रिया के लिए इस तरह के प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल उन निविदाकर्ताओं की (पूर्व सूचना देकर) मूल्य बोली को अलग से निर्धारित तिथि पर खोली जाएगी जो तकनीकि मूल्यांकन एवं निरिक्षण में सफल पाए गए होंऔर आगे की कार्रवाई निर्धारित निविदा प्रक्रिया अनुसार की जाएगी।
On opening of Technical & Commercial bid, further detailed scrutiny/evaluation will be carried out. During the evaluation of techno-commercial bids, the documents furnished by the tenderers will be scrutinized in detail. Any tender, found as not fulfilling the eligibility criteria will be rejected at this stage and such offers will not be considered for further processing. The price bid of only those tenderers who have been qualified during the scrutiny and technical evaluation will be opened separately on a specified date (with due intimation to the qualified bidders) and further processed, as per tender procedure/stipulations.

**12.** सफल ठेकेदार की बयाना राशि निष्पादन गारंटी में परिवर्तित कर दिया जाएगा। कार्य के पूरा होने पर, उसे सुरक्षा जमा में परिवर्तित किया जाएगा। बयाना राशि के भुगतान के लिए छूट के मामलों में, अलग निष्पादन गारंटी निविदा में प्रस्तुत अनुमानित लागत का 2% स्वीकृतिपत्र/कार्य आदेश के प्राप्त होने पर तुरंत प्रस्तुत करना होगा।

Earnest money of the successful contractor will be converted into Performance Guarantee. On completion of the work, the same will be converted as Security deposit. In cases of exemption for payment of Earnest money, separate Performance Guarantee 2% of the estimated cost put to tender to be submitted immediately on receipt of letter of acceptance/work order.

**13.** समूह प्रधान, सीएमजी/इनजीनियर-एस.एस.ई/इनजीनियर-एस.एस-एस.डी. की पूर्वानुमति लेकर इच्छुक निविदाकर्ता निविदाएं प्रस्तुत करने से पहले स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।
Intending tenders may inspect the site before submitting the tenders, with the prior permission of Group Head CMG/Engineer-SE/Engineer-SD.

**14.** निदेशक की ओर से निविदा स्वीकृति अधिकारी, पी.आर.एल. सबसे कम या किसी अन्य निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। ऐसी सभी निविदाएं सरसरी तौर पर रद्द कर दी जाएगी जिनमें निर्धारित कोई भी शर्त पूरी नहीं की गई हो या निविदाकर्ता द्वारा सशर्त छूट सहित कोई शर्त रखी गई हो।
The tender accepting authority on behalf of Director, PRL is not bound to accept the lowest or any other tender and reserves the authority to reject any or all the tenders received without assigning any reason. All tenders in which any of the prescribed condition is not fulfilled or any condition including that of conditional rebate is put forth by the tenderer shall be summarily rejected.

**15.** निदेशक की ओर से निविदा स्वीकृति अधिकारी, पीआरएल के पास निविदा को पूर्ण रूप से या भागों में स्वीकार करने का अधिकार होगा और निविदाकर्ता बोली दरों पर इसे निष्पादित करने के लिए बाध्य होंगे।
The tender accepting authority on behalf of Director, PRL reserves the right of accepting the whole or any part of the tender and the tenderer shall be bound to perform the same at quoted rates.

**16.** निविदा से संबंधित प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रचार बिल्कुल निषिद्ध है और प्रचार करने वाले ठेकेदारों के निविदाओं को रद्द कर दिया जाएगा।
Canvassing directly or indirectly, in connection with tender is strictly prohibited and the tenders submitted by the contractors who resort to canvassing will be liable for rejection.

**17.** निविदा स्वीकृति अधिकारी के पास समय-समय पर सरकार की नितीयों अनुसार प्रस्तावों को प्राथमिकता देने का विकल्प सुरक्षित होगा।
The tender accepting authority reserves the option to give preferences to the offers in accordance with the policies of the Government from time to time.

**18.** निविदा आवंटित और निष्पादित करने वाले विभाग के उस विशेष केंद्र के प्रभाग में कार्यों के लिए ठेकेदार को निविदा प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जहां उनके करीबी रिश्तेदार काम कर रहेहों।वे उन सभी व्यक्तियों के नाम सूचित करेंगे जो उनके साथ किसी भी पद पर काम कर रहे हों अथवा उनके द्वारा काम पर लगाए गए हों या अंतरिक्ष विभाग में किसी भी राजपत्रित अधिकारी के करीबी रिश्तेदार हों। ठेकेदार द्वारा इस शर्त का किसी प्रकार उल्लंघन करने पर निविदा या अनुबंध के लिए उन्हें अस्वीकृत घोषित कर दिया जाएगा।
The contractor shall not be permitted to tender for works in the Division of that particular Centre of the Department responsible for award and execution of contracts for which his/her near relative is working. He/she shall also intimate the names of persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any Gazette Officer in the Department of Space. Any breach of this condition by the contractor would render him liable for rejection of tender or cancellation of contract.

**19.** **उपरोक्त पैरा 1 के अनुसार निविदा प्राप्ति की नियत तिथि से 120 दिनों की न्यूनतम अवधि तक निविदा वैध होनी चाहिए।** यदि कोई निविदाकर्ता वैधता अवधि के भीतर प्रस्ताव वापस ले लेती है या नियमों और शर्तों में किसी प्रकार का संशोधन करता है जो पी.आर.एल. को स्वीकार्य नहीं हो, तो पी.आर.एल. किसी अन्य अधिकार या उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, 50% (पचास प्रतिशत) बयाना जमा राशि ज़ब्त करने के लिए स्वतंत्र होगा। इसके अलावा, निविदाकर्ता को कार्य की पुनः निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
**The tender should be valid for minimum period of 120 days from the due date of receipt of the tender specified in Para 1 above.** If any tenderer withdraws the offer within the validity period or makes any modifications in the terms and conditions of the tender which are not acceptable to the PRL, the PRL shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit 50% (Fifty Percent) of the Earnest Money Deposit absolutely. Further, the tenderer shall not be allowed to participate in the re-tendering process of the work.

**20.** निविदा के समापन पर, सफल निविदाकर्ता के साथ अनुबंध किया जाएगा।
On concluding the tender, an agreement shall be drawn with the successful Tenderer.

**21.** इस एन.आई.टी.को इसरो वेबसाइट www.isro.gov.in और पी.आर.एल. वेबसाइट www.prl.res.inपर भी देखा जा सकता है।
This NIT is also displayed in ISRO website www.isro.gov.in & PRL websitewww.prl.res.in

ह०/sd-
समूह प्रधान, सीएमजी, पी.आर.एल.
Group Head, CMG, PRL

*****************

**तकनीकी-वाणिज्यिक बोली सहित निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रति प्रस्तुत करनी होगी और ऐसा न करने पर निविदाकर्ताओं को अस्वीकृत किया जाएगा**

**SCANNED COPY OF THE FOLLOWING DOCUMENTS SHALL BE SUBMITTED ALONG WITH TECHNO-COMMERCIAL BID, FAILING WHICH THE TENDERERS ARE LIABLE TO BE REJECTED**

---

1. वर्तमान कार्यको प्रमाणित करने के लिए संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी कार्य आदेश।
   Work orders issued by the authority concerned to establish work on hand.
2. कार्य अनुभव प्रमाणित करने के लिए संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी समापन प्रमाण पत्र।
   Completion certificates issued by the authority concerned to establish work experiences.
3. पात्रता मानदंड के अनुसार इसी तरह की प्रकृति और परिमाण के कार्य निष्पादित करने के लिए दस्तावेजी प्रमाण (कार्य आदेशों और ग्राहक के कार्य पूरा करने प्रमाण पत्र की प्रतियां)।
   Documentary proof (copies of work orders and client's work completion certificate) for having executed the work of similar nature and comparable magnitude as per the eligibility criteria.
4. निजी पार्टियों द्वारा जारी किए गए कार्यों के लिए समापन प्रमाणपत्रटीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित हो।
   Completion certificate for works issued by private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at Source) certificates.
5. वस्तु एवं सेवा कर रजिस्ट्रेशन नंबर/प्रमाणपत्र की प्रति /**Goods and Service Tax (GST)** registration number/certificates.
6. उपयुक्त सरकारी पदाधिकारी द्वारा जारी वैद्युतिक ठेकेदार लाइसेंस (केवल वैद्युतिक कार्य हेतु) की प्रति।
   Copy of Valid Electrical Contractor's License issued by appropriate government authority (For Electrical Work only)
7. निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता को 'मूल उपकरण निर्माता' प्राधिकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
   Bidder shall furnish OEM authorization certificate to participate in the tender.
8. अनुबंध की सामान्य शर्तों के प्रारूप-1 या अनुलग्नक-II के अनुसार कार्य का मूल्य, पूरी होने की तारीख, समय का विस्तार आदि के विवरण सहित पूरे किए गए कार्यों की सूची।
   A list of completed works indicating value of work, date of completion, extension of time etc., as per the Format-1 in General Conditions of Contract (enclosed as Annexure-II).
9. पैन/टैन विवरण PAN/ TAN details.
10. **बयाना जमा राशि/Earnest Money Deposit.**
11. विवरण सहित कंपनी की प्रोफाइल Company profile with details
12. यदि कोई अतिरिक्त दस्तावेजहो तो ADDITONAL Documents, if any

************

**ANNEXURE- II**

# FORMAT – 1

**LIST OF WORK COMPLETED IN THE LAST 07 YEARS (INCL. THE CURRENT YEAR IN WHICH THE TENDER IS CALLED).**

| Sl. No. | Name of Work | Nature of Work | Value of Work | Date of Completion as per W.O. | Actual date of Completion | Whether Extension of Time of Contract was availed? | | Name of Client & Full Address |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | With levy of compensation | Without levy of compensation | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

**Note: The above details are to be furnished by the Tenderer, along with copy of work order and completion certificate issued by the client.**

**(Signature of the tenderer with stamp)**